हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

11 बच्चों को कुपोषण से बचाने को खिलाएं एल्बेंडाजोल की गोली: एडीसी



12 रतिया एसडीएम कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन...



## खबर संक्षेप

### सब-जूनियर राज्य-स्तरीय जूडो प्रतियोगिता 15 को

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 15 नवंबर रविवार को सब-जूनियर राज्य-स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता उकलाना के टोहाना रोड स्थित पाठशाला यूनिवर्सल स्कूल में आयोजित होगी, जिसमें राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी की पहचान जिला पलवल के गांव बागपुर कलां, मोहना निवासी अमरीक सिंह पुत्र बलवंत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि बीते माह एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### फतेहाबाद में 107 डिपो के मिलेंगे लाइसेंस

**फतेहाबाद।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा जिला फतेहाबाद में कुल 107 रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के नए लाइसेंस जारी करने हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले यह तिथि 10 नवंबर निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 नवंबर कर दिया गया है।

## जिले की मंडियों में अब तक पहुंचा 7.52 लाख मीट्रिक टन परमल धान

# 72 घंटे बाद बंद हो जाएगी धान की सरकारी खरीद पिछले साल से 3.50 लाख टन कम हुई आवक

*खेतों में 80 से 90 प्रतिशत तक धान की कटाई पूरी*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की अनाज मंडियों में इस बार धान की आवक के आंकड़े पिछले साल के मुकाबले बड़ा अंतर दिखा रहे हैं। पिछले सीजन में जहां जिले की मंडियों में करीब 11 लाख मीट्रिक टन धान पहुंचा था, वहीं इस बार अब तक यह आंकड़ा 7 लाख 52 हजार 498 मीट्रिक टन तक ही पहुंच पाया है। यानी पिछले साल के मुकाबले इस बार अब तक 3 लाख 50 हजार 219 मीट्रिक टन परमल धान कम मंडियों में आया है। खास बात यह है कि इस बार खेतों में करीब 80 से 90 प्रतिशत धान की कटाई हो चुकी है। इसके बावजूद आवक का आंकड़ा पिछले साल से काफी पीछे है। ऐसे में पिछले सीजन में धान की रिकॉर्ड आवक और खरीद के आंकड़ों को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। बता दें कि 15 नवम्बर को परमल धान की सरकारी खरीद बंद हो जाएगी। डीएफएससी कुशल बूरा ने इसकी पुष्टि की है। पिछले साल जिले में करीब 11 लाख 2 हजार 717 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई थी। यह जिले में अब तक का रिकॉर्ड आंकड़ा माना गया। इससे पहले के वर्षों में जिले में सामान्य तौर पर करीब 6 से 7 लाख मीट्रिक टन धान की आवक और खरीद होती रही थी। ऐसे में एक ही सीजन में आवक का आंकड़ा अचानक 11 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंचना चर्चा का विषय बन गया था। अब इस सीजन में धान की कटाई लगभग अंतिम चरण में पहुंचने के बावजूद आवक करीब साढ़े सात लाख मीट्रिक टन रहने से पिछले साल के आंकड़ों की वास्तविकता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**पिछले साल की रिकॉर्ड आवक और खरीद के आंकड़ों की वास्तविकता पर उठे सवाल**



**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में लगी धान की ढेरियां। *फोटो: हरिभूमि*

### इस बार के आंकड़ों ने फिर खड़े किए सवाल

अब जब इस सीजन में धान की आवक पिछले साल से 3.50 लाख मीट्रिक टन कम है और खेतों में 80 से 90 प्रतिशत फसल की कटाई हो चुकी है, तो पिछले साल की रिकॉर्ड आवक का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। सवाल यह है कि क्या पिछले साल जिले में वास्तव में उत्पादन और आवक इतनी अधिक थी या फिर खरीद व्यवस्था में कथित गड़बडियों के कारण आंकड़ा असामान्य रूप से बढ़ गया था। इसका जवाब पिछले साल की खरीद से जुड़े रिकॉर्ड, किसानों के पंजीकरण, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज फसल क्षेत्र, मंडियों में हुई खरीद और दूसरे राज्यों से आए धान के संबंध में जांच रिपोर्ट से ही मिल सकता है। यदि सरकार ने इस मामले की जांच करवाई थी तो उसकी रिपोर्ट और कार्रवाई का ब्योरा सार्वजनिक होना जरूरी है, ताकि पिछले साल के रिकॉर्ड और इस बार की कम आवक के बीच वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकें। फिलहाल मंडियों में इस बार धान की आवक पिछले साल के रिकॉर्ड से काफी पीछे है। अब देखना यह होगा कि सीजन समाप्त होने तक आवक का आंकड़ा कहां पहुंचता है और पिछले साल की रिकॉर्ड खरीद को लेकर उठे सवालों पर जांच का परिणाम कब सामने आता है।

### एक साल में अचानक बढ़ गई थी आवक, अब फिर पुराने स्तर की ओर आंकड़े

धान की आवक के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले साल जिले की मंडियों में धान की आमद ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इससे पहले जहां जिले में करीब 6 से 7 लाख मीट्रिक टन धान की आवक सामान्य मानी जाती थी, वहीं पिछले सीजन में यह आंकड़ा 11 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया। इस बार अब तक 7.52 लाख मीट्रिक टन आवक दर्ज हुई है। पिछले साल के मुकाबले मौजूदा आवक करीब 31.75 प्रतिशत कम है। हालांकि अभी खरीद सीजन पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन फसल कटाई का बड़ा हिस्सा पूरा होने के कारण इस अंतर ने मंडियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों का ध्यान खींचा है।

### बाहरी राज्यों से परमल लाकर बेचने के आरोपों ने बढ़ाई थी चर्चा

पिछले साल धान खरीद के दौरान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल और खरीद व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर भी सवाल उठे थे। आरोप लगाए गए थे कि कुछ खरीद से जुड़े अधिकारियों और आढ़तियों ने पोर्टल की तकनीकी खामियों या व्यवस्थागत कमियों का फायदा उठाकर दूसरे राज्यों से परमल धान मंगवाया और उसे जिले की मंडियों में स्थानीय किसानों की फसल के रूप में बेच दिया। इन आरोपों के चलते जिले में धान खरीद का आंकड़ा असामान्य रूप से बढ़ने की चर्चाएं हुई थीं। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर सरकार के स्तर पर भी जांच करवाई गई थी।

## मंडियों में लाखों की मशीनें बनीं सफेद हाथी, बिना जरूरत खरीदकर भेजा ट्रक लोडिंग कन्वेयर सिस्टम

- धान और गेहूं की लिफ्टिंग का काम पहले से ठेकेदारों के माध्यम से हो रहा, फिर मशीनों की खरीद पर क्यों खर्च किया गया सरकारी पैसा

दलबीर सिंह ⏭भूना

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से जिले की विभिन्न मार्केट कमेटियों में भेजे गए ट्रक लोडिंग कन्वेयर सिस्टम अब सरकारी धन के इस्तेमाल और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लाखों रुपये की लागत वाली इन मशीनों को मंडियों में भेज तो दिया गया, लेकिन इनके उपयोग की जरूरत, व्यवस्था और प्रशिक्षण को लेकर पहले कोई ठोस योजना बनाई गई या नहीं, यह बड़ा सवाल है। जिले की अनाज मंडियों में मौजूदा धान सीजन के दौरान इन मशीनों से एक भी बोरी ट्रक में लोड नहीं की गई। ऐसे में मशीन मंडी परिसर में खड़ी होकर धूल फांकने की स्थिति में पहुंच गई है। हैरानी की बात यह है कि अनाज मंडियों में धान और गेहूं की खरीद के बाद उठान और ट्रकों में लोडिंग का काम पहले से ही टेंडर प्रक्रिया के तहत ठेकेदारों के माध्यम से करवाया जा रहा है। जब वर्षों से यही व्यवस्था लगातार चल रही है तो फिर लाखों रुपये खर्च कर ट्रक लोडिंग कन्वेयर सिस्टम मशीनें भेजने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई, इस सवाल का जवाब संबंधित अधिकारी भी स्पष्ट रूप से नहीं दे पा रहे हैं।





**भूना।** मार्केट कमेटी कार्यालय भूना में धूल फांकने की स्थिति में खड़ी मशीन।

### छह मंडियों से ली जानकारी

इस मामले में टोहाना, रतिया, भूना, धारसूल, जाखल और फतेहाबाद की मार्केट कमेटियों से संबंधित मशीनों की स्थिति जानने का प्रयास किया गया। टोहाना मार्केट कमेटी के सचिव संदीप गर्ग और भूना मार्केट कमेटी के सचिव विकास सेतिया ने बताया कि मशीनें हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से भेजी गई हैं। मशीनों की कीमत और भुगतान के संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी इनका भुगतान नहीं हुआ है। वहीं, जब सचिवों से पूछा गया कि मंडियों में लिफ्टिंग का काम पहले से ही टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों द्वारा करवाया जा रहा है तो फिर इन मशीनों की जरूरत क्यों पड़ी, इस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मशीनों की खरीद और वितरण से पहले वास्तविक जरूरत का आकलन किया गया था।

### बिना प्रशिक्षण भेजी मशीन, अधिकारियों को इस्तेमाल की जानकारी तक नहीं

मशीनों को मंडियों में भेजने से पहले संबंधित मार्केट कमेटी अधिकारियों के साथ न तो कोई विचार-विमर्श किया गया और न ही उन्हें इनके संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। परिणामस्वरूप मशीनें कार्यालय में पहुंचने के बावजूद उपयोग में नहीं आ पा रही हैं। भूना मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंची मशीन के टायर में बड़ा कट भी दिखाई दे रहा है। इससे मशीन की गुणवत्ता और आपूर्ति के समय जांच-पड़ताल को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# लाखों की हेरोइन सहित 3 काबू

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से तीन तस्कारों को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी नानक सिंह, विक्रम व विनोद के रूप में हुई है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम ऐलनबाद कस्बे के तलवाड़ा खुर्द क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 28 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सिरसा निवासी नानक सिंह के रूप में हुई।

### कार सवार दो युवकों को दबोचा

इसके अलावा पुलिस ने गांव गढ़ली क्षेत्र से कार सवार दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम डिंग थाना क्षेत्र के गांव गढ़ली की तरफ जा रही थी। नहर पुल के नजदीक सामने से कार आदि दिखाई दी। कार सवार युवकों ने पुलिस को देखकर कार को तेज गति से भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने संदेह के आधार पर कार का पीछा कर उसमें सवार दो युवकों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर कार से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी विक्रम व विनोद के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में मामला दर्ज किया गया है।



**सिरसा।** हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी।

# ठेकेदार हत्याकांड की साजिश की परतें खोलने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

गांव जमाल में सोलर प्लांट ठेकेदार सुभाष चंद्र हत्याकांड में पुलिस को एक और अहम कामयाबी मिली है। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने मामले के मुख्य साजिशकर्ता गांव जमाल निवासी राकेश कुमार उर्फ राका को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या की साजिश रचने से लेकर वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। गौरतलब है कि 6 अक्टूबर 2026 को राजस्थान सीमा के नजदीक गांव जमाल स्थित हैक्सा सन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सोलर प्लांट में ठेकेदारी का काम करने वाले सुभाष चंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के समय सुभाष प्लांट में बैठा था। इसी दौरान दो-तीन युवक वहां पहुंचे और गोलियां चलाकर फरार हो गए। गंभीर हालत में उसे सिरसा नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता भादर राम की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल सहित 11 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि एसपी दीपक सहारण के निर्देश पर सीआईए सिरसा और नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस की टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। हत्याकांड की साजिश में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार, आरोपी 6 दिन के रिमांड पर**

# फर्जी हस्ताक्षर कर मकान बेचने का सौदा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- मामले में पहले से तीन आरोपी जा चुके हैं जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फर्जी दस्तावेज और जाली हस्ताक्षर तैयार कर 40 लाख रुपये में मकान बेचने का झूठा इकरारनामा तैयार करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी की पहचान फतेहाबाद के वार्ड नंबर 17, शिव नगर, भट्ठू रोड निवासी रजत सिंगला पुत्र विजेंद्र सिंगला के रूप में हुई है। इस हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीन ने बताया कि यह धोखाधड़ी रतिया निवासी एक महिला की शिकायत पर सामने आई थी। शिकायतकर्ता महिला अनाज मंडी रतिया स्थित एक फर्म की प्रोपराइटर है। आरोप था कि आरोपियों ने उसके परिवार और फर्म से जुड़े दस्तावेजों का दुरुपयोग किया और 26 अप्रैल 2022 को उनके फर्जी हस्ताक्षर करके एक मकान बेचने का फर्जी इकरारनामा तैयार कर लिया।




### जाली इकरारनामा बनाया

पुलिस जांच में सामने आया कि महिला को इस फर्जीवाड़े की कोई भनक नहीं थी। जुलाई 2022 में जब उसे अदालत की ओर से समन प्राप्त हुआ, तब जाकर उसे इस जाली इकरारनामा के बारे में पता चला। महिला ने अदालत और पुलिस को दिए गए बयानों में स्पष्ट किया कि दस्तावेज पर किए गए हस्ताक्षर उसके नहीं हैं और न ही उसने कभी किसी से कोई रकम प्राप्त की है। मामले की सत्यता जांचने के लिए हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच करवाई गई, जिसमें भी इकरारनामे पर किए गए हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी और अलग पाए गए। इस मामले में थाना शहर रतिया में 20 दिसंबर 2022 को मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम लगातार इस मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में अब चौथे आरोपी रजत सिंगला को धर दबोचा गया है।

**सुरक्षा** एसपी के निर्देशन में तैयार किया हाईटेक सुरक्षा तंत्र

# जिले में डिजिटल पहरा, 3,423 जगहों पर लगे 5,326 कैमरों से रहेगी नजर

- घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में 4,473 कैमरे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अपराधियों पर नकेल कसने और कानून-व्यवस्था को और अधिक अभेद्य बनाने की दिशा में फतेहाबाद पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब पूरा फतेहाबाद जिला आधुनिक तकनीक यानी सीसीटीवी कैमरों की हाईटेक निगरानी के दायरे में आ गया है। जिलेभर में कुल 3,423 विभिन्न लोकेशनों पर 5,326 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जो 24 घंटे असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के दिशा-निर्देशन में तैयार किए गए इस मजबूत सुरक्षा तंत्र के तहत जिले को डिजिटल रूप से कवर किया गया है। इसके तहत 2,882 अलग-अलग लोकेशनों जैसे घर, दुकानें, प्रतिष्ठान और प्रमुख मार्ग पर 4,473 कैमरे सक्रिय हैं। इसके अलावा, सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील माने जाने वाले चौक-चौराहों और जिले की सीमाओं की 541 प्रमुख लोकेशनों पर 855 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि का बारीकी से रिकॉर्ड रख रहे हैं।



एसपी निकिता खट्टर।

### अपराध नियंत्रण और जांच में मिलेगी मदद

एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि आधुनिक तकनीक का यह प्रभावी उपयोग अपराध नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होगा। किसी भी आपराधिक वारदात के घटित होने के बाद उसकी गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा मददगार बनती है। इन कैमरों की मदद से संदिग्धों की पहचान, उनके रूट और गतिविधियों का तुरंत पता लगाया जा सकेगा, जिससे पुलिस की जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी और अपराधियों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फतेहाबाद पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल वारदात के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध की रोकथाम के लिए एक मजबूत निवारक तंत्र तैयार करना है। इन कैमरों के जरिए बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ-साथ अपराधियों के मन में कानून का भय भी पैदा होगा।

### पुलिस की आमजन से विशेष अपील

सुरक्षा को और अधिक पुख्ता बनाने के लिए फतेहाबाद पुलिस ने जिले के दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को हमेशा सुचारु हालत में रखें। साथ ही, किसी भी आपराधिक घटना या संदिग्ध गतिविधि के दौरान पुलिस द्वारा फुटेज या सहयोग मांगे जाने पर आगे आएं। एसपी का कहना है कि जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और हर संदिग्ध हरकत पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

# असम से एक महीने पहले लापता हुई मां बेटी को टोहाना पुलिस ने सकुशल ढूंढा

- दीपावली से पहले परिजनों ने टोहाना पुलिस से लगाई थी मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

करीब एक महीने से अपनी पत्नी और 10 वर्षीय मासूम बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहे एक परिवार के लिए गुरुवार का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। असम से लापता हुई मां-बेटी को फतेहाबाद जिले की थाना सदर टोहाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र के गांव नांगला से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलवा दिया। लंबे इंतजार और गहरी चिंता के बाद जब परिवार ने दोनों को सुरक्षित पाया, तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू और चेहरों पर राहत साफ झलक रही थी। पुलिस की इस संवेदनशील और सराहनीय कार्यप्रणाली के लिए जिला पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने थाना सदर टोहाना पुलिस टीम की प्रशंसा की है। मामले की जानकारी देते हुए थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि असम के रंगपुर स्टेट निवासी रितु पत्नी नीतीश कुमार अपनी 10 वर्षीय बेटी निहारिका के साथ करीब एक महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। दोनों के अचानक गायब हो जाने से पूरा परिवार बेहद चिंतित और परेशान था। तलाश करते हुए परिजन दीपावली से ठीक पहले थाना सदर टोहाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। परिजनों की पीड़ा और मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने तत्काल प्रभाव से एक विशेष टीम का गठन कर मां-बेटी की तलाश शुरू करवाई। पुलिस टीम ने उपलब्ध सुरागों और तकनीकी जानकारियों के आधार पर संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन अभियान चलाया। पुलिस के निरंतर प्रयास आखिरकार रंग लाए और 12 नवंबर को पुलिस टीम ने रितु तथा उनकी 10 वर्षीय बेटी निहारिका को गांव नांगला से सकुशल ढूंढ निकाला।



### भावुक हुए परिवार ने ली राहत की सांस

*थाने में आवश्यक कानूनी व कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मां-बेटी को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनों से दोबारा मिलकर भावुक हुए परिवार ने राहत की सांस ली और इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य के लिए थाना सदर टोहाना पुलिस का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। वहीं, एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और संकट में फंसे जरूरतमंदों की सहायता करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।*

फेस्टिवल

शिखर चंद जैन

# दुनिया भर में रंग-बिरंगा चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेशन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि हर साल 14 नवंबर को हमारे देश में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि अपने देश भारत के अलावा भी दुनिया के कई देशों में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है? अलग-अलग देशों में चिल्ड्रेंस-डे की तारीख और इसे मनाने के ढंग बहुत अलग और अनोखे होते हैं। इनके बारे में जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।



## डिया डेल निनो मेक्सिको

**मेक्सिको में** बाल दिवस की शुरुआत सन 1925 में हुई थी। यहां इसे 30 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन बच्चे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन वहां रेग्युलर क्लास नहीं चलती है। सारा दिन खेलने, पिनाटा (मिट्टी और कागज की लुगदी के खिलौने) बनाने-तोड़ने, संगीत का आनंद लेने और कई मजेदार एक्टिविटीज करने में बीतता है। स्कूल के बाद बच्चे अपनी फैमिली के साथ संग्रहालयों, सिनेमाघरों और चिड़ियाघरों जैसी जगहों पर जाते हैं, जहां उस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश होता है। कुछ रेडियो और टेलीविजन चैनल्स, बच्चों को अपने चिल्ड्रेंस शो में छुट्टियों के बारे में बात करने के लिए बुलाते हैं। *



## लिउयी गुओजी एर्तोंग जिए चीन

**चीन में** बाल दिवस सन 1949 से मनाया जा रहा है। यहां इसे 1 जून को मनाया जाता है। कुछ स्कूलों में इसे बच्चों को समर्पित विशेष प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता है। कई पर्यटन स्थलों पर इस दिन बच्चों के लिए प्रवेश पर छूट होती है या पूरी तरह से निःशुल्क होती है। हालांकि चीन में इस छुट्टी के लिए कोई निर्धारित परंपरा नहीं है, लेकिन कई परिवार बच्चों के साथ समय बिताते हैं और अपना पसंदीदा भोजन करते हैं। *



## ते रा ओ नगा तामारिकी न्यूजीलैंड

**न्यूजीलैंड में** हर साल मार्च के पहले रविवार को बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में मजेदार सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें खेल, ट्रैवलिंग कार्निवल, तरह-तरह के भोजन, पारंपरिक हाका नृत्य और भी बहुत कुछ शामिल होता है। *

## चाचा नेहरू का जन्मदिन भारत

**हमारे देश** में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय थे। इससे पहले सन 1964 तक बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, क्योंकि सन 1954 में संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। लेकिन 1964 में जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद अपने देश में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाने लगा। इस दिन बच्चों के लिए स्कूलों में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के खेल खिलाए जाते हैं और गिफ्ट भी दिए जाते हैं। *





## यूरिनी नाल दक्षिण कोरिया

**दक्षिण कोरिया** में 5 मई को मनाए जाने वाले बाल दिवस समारोहों में परेड, तमाशा, पार्टियां, पिकनिक और ताइक्वांडो खेल के प्रदर्शन किए जाते हैं। बच्चे पारंपरिक कपड़े पहनते हैं और परिवार के साथ संग्रहालयों, पार्कों में घूमने जाते हैं। कई जगहों पर इस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा होती है। बच्चे इस अवसर पर दक्षिण कोरियाई शिल्प बनाते हैं, जैसे कि हाथ में पकड़ने वाला सोगो ड्रम, कमल का लालटेन (सैम ता), गुक पंखा आदि। बच्चे इस दिन तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हैं। *



## कोडोमो नो हि जापान

**जापान में** बाल दिवस 5 मई को मनाया जाता है। सन 1948 से मनाए जा रहे इस पर्व को वहां यह राष्ट्रीय अवकाश होता है। यहां 'कोडोमो नो हि' यानी बाल दिवस को दो त्योहारों- टैंगो नो सेक्कु (लड़कों का दिन) और हिनामात्सुरी (लड़कियों का दिन) के रूप में मनाते हैं। कोइनोबोरी नामक रंगीन झंडे इस उत्सव के विशेष प्रतीक होते हैं और घरों के बाहर खंभों पर ये लटकाए जाते हैं। जापानी में, 'कोइ' का मतलब कार्प होता है। यह एक प्रकार की मछली है, जो शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। नोबोरी का मतलब है, ऊपर उठना। इस दिन काबूतो नामक पारंपरिक समुराई, गोगात्सु-निंग्यो कवच और जापानी तलवार से सुसज्जित जापानी योद्धा गुड़िया को अपने घरों में प्रदर्शित करते हैं। *

प्रेरणा

# छोटी उम्र-बड़े कारनामे

बड़े कारनामे करने के लिए बड़ी उम्र का होना जरूरी नहीं है। हम तुम्हें दो ऐसे बच्चों के बारे में बता रहे है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी उम्र में भी बड़े कारनामे कर दिखाए।



## साहस-समझदारी की मिसाल साक्षी

**दिल्ली में** रहने वाली 10वीं की छात्रा साक्षी ऐसी बहादुर लड़की है, जिसने समझदारी और साहस से एक बच्ची की जिंदगी बदल दी। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के इनिशिएटिव सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के तहत दिल्ली और पुणे में संचालित बाल मित्र मंडल की सदस्य रही है।



**समझदारी से रोका बाल विवाहः** कुछ समय पहले की घटना है। साक्षी के पड़ोस में रहने वाली नेहा पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। एक दिन साक्षी को पता चला कि नेहा के माता-पिता उसकी शादी करने वाले हैं। साक्षी जानती थी कि नेहा अभी सिर्फ 16 साल की है। इतनी कम उम्र में शादी करना एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है। साक्षी ने अपने कुछ दोस्तों के साथ तुरंत नेहा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने उसकी बात नहीं मानी। साक्षी ने हार नहीं मानी। अगले ही दिन वह पुलिस के पास पहुंची। उसके साथ महिला मंडल की सदस्य महिलाएं भी थीं। सभी ने मिलकर पुलिस को विश्वास दिलाया कि नेहा की शादी हो रही है। पुलिस नेहा के घर पहुंची। आखिरकार नेहा के माता-पिता ने सच स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तुरंत नेहा का बाल विवाह रुकवा दिया। बच्चो, साक्षी की तरह ही हर बच्चे को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। *

-सरस्वती रमेश



## लिटिल एआई एक्सपर्ट रणवीर सिंह सचदेवा

**दिल्ली का** रहने वाला 8 वर्षीय रणवीर सिंह सचदेवा, कोडर, एआई एक्सपर्ट और राइटर भी है। फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026' में उसने दुनिया भर के टेक दिग्गजों के बीच सबसे कम उम्र के कीनोट स्पीकर के रूप में सबको चौंका दिया।

**बड़े टेक लीडर्स हुए प्रभावितः** समिट में रणवीर ने प्राचीन भारतीय दर्शन और सनातन मूल्यों को आधुनिक एआई तकनीक व एथिक्स से जोड़ने पर बेहद प्रभावशाली विचार रखे। इस समिट के दौरान रणवीर ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन जैसे दुनिया के सबसे बड़े टेक लीडर्स से मुलाकात की और उनके साथ इन्क्लूसिव एआई से जुड़ा अपना विजन साझा किया। मात्र 6 वर्ष की उम्र में रणवीर ने 'आर यू बॉर्न विद एआई' नाम की पुस्तक लिख दी थी। यह पुस्तक जिम्मेदार एआई और युवा पीढ़ी की भूमिका पर आधारित है।



**बना लिया अपना चैटबोटः** इतनी सी उम्र में रणवीर के पास गूगल का 'रिस्पॉन्सिबल एआई सर्टिफिकेशन' है। उसने खुद का एक एआई-संचालित चैटबॉट भी विकसित किया है, जो एपीआई के जरिए एप्स के साथ काम कर सकता है। रणवीर केवल 6 वर्ष की आयु में ही टेक्नोलॉजी और इनोवेशन (एआई) पर दुनिया के सबसे कम उम्र का टेड-एक्स स्पीकर बन गया था। उसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा यूथ एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था। *

-अंजू जैन

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## बच्चो, काम देश के आओ

बच्चे करते बड़ी शरारत
होती खूब लड़ाई।
उनकी प्यारी हरकत देख
मां मन में मुस्काई।।
होगी अगर शरारत कोई
डांट लगेगी तुमको।
चुन्नी मुन्नी टिन्नी झुमकी
रिंकू पिंकी अब मत रो।।
चलो उठो अब करो पढ़ाई
देखो टीचर आई।
पुस्तक हाथ में आते ही
नींद बच्चों को आई।।
मेहनत करो खूब तुम अब
जग में नाम कमाओ।
हम सबका आशीष बच्चो
काम देश के आओ।।



## हंसगुल्ले



**पापाः** दीपू बेटा, आपने माउस देखा है क्या, मिल नहीं रहा है?
**दीपूः** हां जी मेरे साथ आइए। (रूम के कॉर्नर में छोटा सा होल दिखाते हुए) यहीं कल रात मैंने एक छोटा सा माउस देखा था पापा।

-गौरी, दुर्ग

**चिंटूः** ऐसा कौन सा सिटी है जहां कोई भी नहीं रहता है?
**मिंटूः** ऐसा तो कोई सिटी नहीं होगा, तुम ही बताओ।
**चिंटूः** (मुस्कुराते हुए): वह सिटी है- इलेक्ट्रिकसिटी।

-कोकिला, डोंगरगढ़

## जीके क्विज-231

1. हाल ही में ऑरेंज ओकलीफ को किस राज्य की राजकीय तितली चुना गया है?
2. संयुक्त अरब अमीरात ने हाल ही में किस भारतीय पायलट को 'जायद II-फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया?
3. हाल में किस ब्रिटिश लेखक को साहित्य का बुकर पुरस्कार देने की घोषणा की गई है?
4. भारत का पहला पूर्णतः जैविक केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?
5. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
6. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का जमाने में सहायक होता है?
7. बीरबल किस मुगल शासक के नवरत्नों में से एक थे?
8. किस स्वाधीनता सेनानी को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी?
9. किस ग्रह को 'रेड प्लैनेट' के नाम से भी जाना जाता है?
10. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-231 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-230 का उत्तर :** 1. हैरी ब्रूक, 2. शिवराज सिंह चौहान, 3. आशुतोष दीक्षित, 4. फुटबॉल, 5. बछेंद्री पाल, 6. रबींद्रनाथ टैगोर, 7. ओडिशा, 8. गुरु नानक देव, 9. 23.5 डिग्री, 10. कार्बन डाइऑक्साइड

**जीके क्विज-230 का सही उत्तर देने वालेः** कबीर-हिसार, जयलाल-मेल से, प्रिया-बिलासपुर, कुणाल-हिसार, सुमन-महासमुंद, आर्यन-बलौदा बाजार, दित्या-भोपाल, सिमरन-जांजगीर, अंकित-महेंद्रगढ़, प्रियांशु-दुर्ग, उमेश-धमतरी

बच्चो, इंसानियत और साहस की पहचान, मुश्किल वक्त में ही होती है। किसी जरूरतमंद को सहारा देना हो या किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे आना हो, ऐसे नेक काम ही संवेदनशीलता और साहस की मिसाल कायम करते हैं। बाल दिवस के अवसर पर पढ़ो नेकी और साहस की सीख देती ऐसी ही दो प्रेरक कहानियां।

# साहस की मिसाल



कहानी-1

रवि प्रकाश

गर्मी का मौसम था। दोपहर की चिलचिलाती धूप में सड़क लगभग सुनसान थी। रिया स्कूल की छुट्टी के बाद कंधे पर बस्ता लटकाए, थके कदमों से घर की ओर लौट रही थी।

अचानक एक मोड़ पर जोरदार आवाज हुई, 'चर्रर्र... धड़ाम!' एक तेज रफ्तार बाइक फिसल गई थी। बाइक सवार सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराकर गिर पड़ा था। रिया के कदम वहीं ठिठक गए और उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। देखते-देखते दुर्घटना वाली जगह पर भीड़ जमा हो गई। पर मदद का हाथ बढ़ाने के बजाय कुछ लोग मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने लगे।



'पुलिस का चक्कर होगा, कौन गवाही देता फिरेगा?' वहां खड़े लोग आपस में बात कर रहे थे।

उसकी हालत देखकर रिया घबराकर सोचने लगी, 'अरे, इसका तो बहुत खून बह रहा है, अगर जल्द ट्रीटमेंट नहीं मिला तो...।'

तभी उसे अपनी शिक्षिका की कही बात याद आई, 'असली बहादुर वह नहीं जो लड़ना जानता है, बल्कि वह है, जो सही समय पर सही फैसला लेना जानता है।'

उनकी बात से प्रेरणा लेकर रिया ने अपनी घबराहट को झटका देकर मन से दूर किया और भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ गई। वह सभी से रिक्वेस्ट करते हुए बोली, 'प्लीज! आप लोग वीडियो बनाना बंद कीजिए। इन्हें जल्द से जल्द अस्पताल ले जाकर ट्रीटमेंट कराना ज्यादा जरूरी है। क्या आप में से कोई मेरी मदद करेगा?' उसकी आवाज में एक ऐसी दृढ़ता थी कि भीड़ में खड़े दो लोग तुरंत आगे आ गए। रिया ने एक ऑटो रुकवाया और खुद उसमें बैठकर घायल व्यक्ति को अस्पताल लेकर चल पड़ी। रास्ते भर वह उस घायल व्यक्ति का हाथ थामे धीरज देती रही, 'आप ठीक हो जाएंगे... बस थोड़ी देर में हॉस्पिटल पहुंच जाएंगे।'

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायल को तुरंत आपातकक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में एडमिट कर लिया। कुछ देर बाद जब रिया के पिता और उस व्यक्ति के घर वाले पहुंचे, तो डॉक्टर बाहर आए। उन्होंने रिया के सिर पर हाथ रखा और बोले, 'बेटा, आज तुम्हारी वजह से एक व्यक्ति की जान बच गई। अगर तुम पुलिस और पूछताछ के डर से पीछे हट जातीं, तो आज बहुत देर हो जाती। बेटा, तुमने आज साहस की असली मिसाल पेश की है।' पास में खड़ी घायल व्यक्ति की मां रोते हुए रिया से लिपट गईं।

रिया को एहसास हुआ, केवल अपने देश की सीमा पर दुश्मन देश के सैनिकों से लड़ना ही वीरता नहीं होती। किसी की जान बचाने के लिए खड़े हो जाना भी बड़े साहस का काम हो सकता है। *

# मुस्कान का उपहार



कहानी-2

विकास शर्मा

नवंबर की सुहानी धूप में स्कूल का मैदान चमक रहा था। हर साल की तरह इस बार भी बाल दिवस समारोह का आयोजन होने वाला था। इसमें बच्चों को स्कूल की तरफ से नई कॉपियां, रंगीन पेंसिलें और चॉकलेट दी जाने वाली थीं। सभी बच्चे सुबह से ही बहुत चहक रहे थे, लेकिन कक्षा पांच में पढ़ने वाली अनुराधा और उसके बेस्ट फ्रेंड कबीर के दिमाग में आज कुछ और ही बात चल रही थी। असल में, कबीर के घर के ठीक पीछे एक बहुत ही गरीब बुजुर्ग रहते थे, जिन्हें सब 'मंगतराम बाबा' कहकर बुलाते थे। बाबा अकेले ही एक छोटी-सी टूटी-फूटी झोपड़ी में रहते थे। ठंड की आहट अब धीरे-धीरे शुरू हो चुकी थी और बाबा के पास कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ओढ़ने के नाम पर एक पुरानी और फटी हुई चादर के सिवाय कुछ नहीं था। पिछले दो-तीन दिनों से कबीर जब भी बाबा को खांसते हुए देखता, उसका मन बहुत उदास हो जाता था।




स्कूल आते वक्त रास्ते में कबीर ने अनुराधा से कहा, 'सुन, अनु! बाल दिवस तो हम हर साल जोर-शोर से मनाते हैं। लेकिन अगर हम एंज्वॉय करें और हमारी नजरों के सामने कोई ठंड से ठिठुरता रहे, तो ऐसे सेलिब्रेशन का क्या मतलब होगा? क्यों न इस बार बाल दिवस पर हम किसी ऐसे इंसान के लिए कुछ करें, जिसे सचमुच हमारी मदद की जरूरत है?'

अनुराधा ने तुरंत हामी भरी और दोनों ने मिलकर प्लानिंग शुरू कर दी। उनके पास ज्यादा पैसे तो नहीं थे, फिर भी उन्होंने पिछले कई महीनों से अपने गुल्लक में बचाकर रखे सिक्के निकाले। इसके बाद उन्होंने स्कूल की आर्ट टीचर से भी मदद मांगी। उन्होंने बच्चों की इस नेकी भरी सोच को देखकर तुरंत हामी भर दी। उन्होंने पुराने कपड़ों और ऊन की कतरनों की मदद से एक बहुत ही प्यारा, सुंदर और गर्म शॉल तैयार किया। बाल दिवस के दिन जब स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे। कबीर और अनुराधा ने मंगतराम बाबा को भी स्कूल में बुलाया था। वे दर्शक दीर्घा में बैठे थे। सभी बच्चों को एक-एक करके तोहफे बांटे जा रहे थे। तभी अनुराधा और कबीर ने मंच पर जाकर हेडमास्टर सर से अनुमति मांगी। उन्होंने मंगतराम बाबा को पूरे आदर के साथ मंच पर बुलाया। बाबा अपनी लाठी टेकते हुए मंच के पास आ गए। अनुराधा और कबीर ने आगे बढ़कर वह सुंदर ऊनी शॉल बाबा के कंधों पर डाल दी। बाबा की आंखें यह सब देखकर नम हो गईं। सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। हेडमास्टर सर ने पूरी सभा के सामने दोनों बच्चों की इस संवेदनशील सोच और प्रयास की खूब सराहना की। घर लौटते वक्त अनुराधा, कबीर बहुत खुश थे। उन्होंने एक जरूरतमंद को मुस्कान का उपहार जो दिया था। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फील्ड में एंज्वॉय कर रहे बच्चों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़कर बताओ।



**उत्तरः** 1.स्कूटी-स्क्रैच्ड पर्पल रंग की स्कूटी हैंडल रंग्ड है। 2. उसकी एक चोटी नीचे की ओर मुड़ी हुई है। 3.बीच में खड़े लड़के का एक हाथ नीचे है। 4. उसकी टी-शर्ट पर फुटबॉल बना हुआ है। 5.दाईं तरफ वाले लड़के के बैग पहली हुई है। 6.उसके बैग में बाटर बॉटल नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / नवेंदु

# मनोरंजक-शिक्षाप्रद कविताएं



बच्चो, इस बार हम एक ऐसी रचनाकार सृष्टि पांडेय की किताब के बारे में बता रहे हैं, जो जब नौ साल की थीं, तभी कविताएं लिखने लगी थीं।

सृष्टि के पहले कविता संग्रह का नाम था, 'चुनमुन के गीत', जो 2017 में प्रकाशित हुआ था, तब वह 15 वर्ष की थीं। हाल में उनका दूसरा कविता संग्रह 'राजू भैया बड़े खिलैया' आया है। किताब की पहली कविता धमा-चौकड़ी करने वाले राजू भैया के बारे में है, जिन्हें समझाया गया है कि खेल-कूद के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। 'छप्पक-छप्पक छैया' कविता में नन्ही छुटकी को अपनी कागज की नाव डूबने की चिंता तो है ही, साथ ही बारिश में अपनी गइया के भीगने की चिंता भी है, जो बच्चों में पशु-पक्षी के प्रति दया के भाव जगाती है। कविता 'फूलों की रानी' में इस बात की जिज्ञासा है कि तितलियां कैसे इतनी रंग-बिरंगी होती हैं? 'आओ छुक-छुक रेल चलाएं', 'खरगोश', 'हाथी की डकार', 'सुनो चंदा मामा' और 'गौरैया' जैसी कविताएं खूब मनोरंजन करती हैं। 'अनोखा जन्मदिवस' कविता तुम्हें नए ढंग से जन्म दिन मनाने का आइडिया देगी।

कविता 'आलसी बिल्ला' सीख देती है कि आलस एक बुरी आदत है। पूरी किताब रंगीन और आकर्षक चित्रों से सजी हुई है। *

**किताबः** राजू भैया बड़े खिलैया, **रचनाकारः** सृष्टि पांडेय, **मूल्यः** 140 रुपए, **प्रकाशकः** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

## खबर संक्षेप

### 6 साल से वांछित महिला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के मामले में 6 साल से फरार चल रही आरोपी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई महिला की पहचान तारा देवी पत्नी कन्हैया लाला निवासी एमसी कॉलोनी सिरसा हाल पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी तारा देवी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में लड़ाई झगड़े के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। बाद में अदालत से जमानत मिलने पर आरोपी जेल से बाहर आ गई, लेकिन इसके बाद वह निर्धारित तारीखों पर अदालत में पेश नहीं हुई।

### भजन-कीर्तन के साथ 15 को निकलेगी प्रभात फेरी

**सिरसा।** दुर्लभ सत्संग प्रभात फेरी संघ ट्रस्ट की ओर से 15 नवंबर को भव्य प्रभात फेरी एवं वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ ट्रस्ट के प्रधान सज्जन भांभू की अध्यक्षता में मनाया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ट्रस्ट की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। ट्रस्ट की महिला विंग सदस्य शिवा गुप्ता ने बताया कि 15 नवंबर को सुबह 6 बजे भव्य प्रभात फेरी रवाना होगी। इसके बाद सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे तक कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट, सिरसा के चेयरमैन अनिल गनेरीवाला द्वारा भजन-कीर्तन किए जाएंगे। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

### तीन दिवसीय लीगल अवेयरनेस कैंप आज से

**सिरसा।** संस्था समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट एवं अमित हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में हिसार रोड स्थित झूंथरा धर्मशाला में 13 से 15 नवंबर तक 13वें हेल्थ, वेल्थ एंड लीगल अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कैंप में स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कैंप के प्रथम दिन शुभारंभ अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रभावशाली लघु नाटिका प्रस्तुत की जाएगी, जिसका मंचन केएल थिएटर द्वारा किया जाएगा। इसी अवसर पर मिनर्वा हाई स्कूल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर में 100 से अधिक ने किया रक्तदान

**टोहाना।** अनुभवी स्वास्थ्य मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट हरियाणा के दसवें स्थापना दिवस पर जिला फतेहाबाद व ग्रामीण टोहाना इकाई की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह नौ बजे शुरू किया गया। दोपहर करीबन दो बजे तक 100 से अधिक रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे। आवश्यकता के अनुसार दो टीमें बुलाई गई थी। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. कुणाल वर्मा और जाखल सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. राजेश क्रांति ने शिरकत की। शिविर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष अजायब सिंह ने बताया कि संगठन की स्थापना 2017 में हुई थी।

### जांच शिविर में लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**रतिया।** श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब अंगीठा साहिब नथवान में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिंह लेबोरेट्री की टीम द्वारा निःशुल्क लैब टैस्ट किए गए। इस दौरान काफी संख्या में संगत ने अपने रक्त परीक्षण करवाए। सामाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में पिछले कई दिनों से धार्मिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश विदेश से संगत शामिल हो रही है और इसको ध्यान में रखते हुए संगत की सेवा हेतू निःशुल्क एचबी कैल्शियम, शुगर, यूरिक एसिड लैब टेस्ट करने के लिए विशाल कैंप लगाया गया, जिसमें सिंह लेबोरेट्री की टीम ने अपनी सेवाएं दी।

## बच्चों में स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने को खिलाएं एल्बेंडाजोल की गोली: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭|सिरसा

बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाने और उनके स्वास्थ्य में सुधार के उद्देश्य से प्रदेशभर में 12 नवंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसके तहत 19 नवंबर को मॉप-अप दिवस भी आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े खत्म करने के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियां निशुल्क खिलाई जा रही हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शाह सतनाम चौक, सिरसा में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार और डॉ. राजेश चौधरी मौजूद रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्त रखने से उनके पोषण स्तर में सुधार होता है और एनीमिया की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे अपने 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलवाएं।


सिरसा। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते एडीसी।

### बच्चों को यह दवा निशुल्क खिलाई जा रही है

उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि यदि एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद किसी बच्चे को परेशानी होती है तो सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, आईटीआई, सरकारी एवं निजी कॉलेजों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को यह दवा निशुल्क खिलाई जा रही है। जिला परामर्शदाता कमल कक्कड़ ने बताया कि एल्बेंडाजोल की खुराक आयु के अनुसार निर्धारित की गई है। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पीसकर चम्मच में दी जाएगी, जबकि 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली पीसकर दी जाएगी। वहीं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष की महिलाओं को पूरी गोली चबाकर खाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि यह गोली खाली पेट नहीं खानी चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, स्कूल प्रशासन से अनिल भाटिया, निशा अग्रवाल, ममता सिसोदिया, सीमा वधवा, बिंदु जैन, शिल्पी गुप्ता, डॉ. वीणा चौधरी, डॉ. अंकुर कटारिया, डॉ. राहुल, डॉ. मनप्रीत, संजय लूथरा, एएनएम इंद्रा, फार्मासिस्ट निशु, एएनएम परवीन सहित आशा वर्कर मौजूद रहे।

### कालांवाली यूथ मैराथन की तैयारियों को लेकर एडीसी ने किया निरीक्षण



**कालांवाली।** कालांवाली में 22 नवंबर को आयोजित होने वाली यूथ मैराथन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को आयोजन स्थल नई अनाज मंडी कालांवाली तथा मैराथन के निर्धारित मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उस रूट का भी दौरा किया, जहां से मैराथन में भाग लेने वाले युवा दौड़ लगाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, पेयजल, साफ-सफाई सहित आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत कालांवाली एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैराथन के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी अर्पित संगल ने अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और आयोजन में भाग लेने वाले युवाओं एवं अतिथियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान में एसडीएम मोहित कुमार, भाजपा डबवाली जिला अध्यक्ष रेनू शर्मा, राजेंद्र देसूजोधा, पूर्व सांसद चरण सिंह रोड़ी, डॉ. संजीव शर्मा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष सतपाल शर्मा, हरविंद्र सिंह, मेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग तथा डीएसपी ललित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा डबवाली जिला अध्यक्ष रेणू शर्मा ने कहा कि इस यूथ मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना है। नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती है और इसे समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गंभीर हैं। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जाए। यूथ मैराथन का आयोजन 22 नवंबर को प्रातः 6 बजे नई अनाज मंडी, कालांवाली से किया जाएगा। इसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में दौड़ आयोजित होगी।


रतिया। गोशाला संचालकों को अनुदान राशि वितरित करते विधायक जरनैल सिंह।

# 15 गोशालाओं को दिए 2 करोड़ रुपये के चेक

- गोशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से विधायक ने अनुदान राशि बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭|रतिया

रतिया विधानसभा क्षेत्र की गोशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने और गौवंश के चारे की व्यवस्था में सहयोग देने के उद्देश्य से विधायक जरनैल सिंह की ओर से चारा अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए। श्री कृष्ण गोशाला, रतिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की कुल 15 गोशालाओं के लिए 2 करोड़ 1 लाख 79 हजार 344 रुपये की अनुदान राशि जारी की गई।

जारी सूची के अनुसार रतिया की श्री शिवबोले नंदीशाला को 34 लाख 7 हजार 877 रुपये, भोडिया खेड़ा की श्री कृष्ण गोशाला को 22 लाख 40 हजार 282 रुपये, शहीदांवाली की महाराज गोशाला ट्रस्ट को 15 लाख 65 हजार 990 रुपये तथा रतिया की श्री गुरु नानक गोशाला को 14 लाख 95 हजार 912 रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसके अलावा मेहुवाला, नागपुर, भिरड़ाना, खैराती खेड़ा, ढिंगसरा, बबनपुर, करनौली, दौलतपुर, अयाल्की सहित अन्य गांवों की गोशालाओं को भी निर्धारित अनुदान राशि दी गई है।

इस अवसर पर विधायक जरनैल सिंह ने गोशालाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गौवंश की सेवा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गोशालाओं में पशुओं के लिए चारे और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था बनाए रखने में आर्थिक सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार गोशालाओं के उत्थान और गौवंश के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने गोशाला संचालकों से भी अपील की कि अनुदान राशि का उपयोग गौवंश के चारे एवं उनकी बेहतर देखभाल के लिए किया जाए।

# खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित जीते तीन पदक, एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

चेन्नई में आयोजित जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में फतेहाबाद के होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में बोधिधर्मा स्पोर्ट्स अकादमी के तीन खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार सफलता पर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने तीनों पदक विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में और ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित किया।

चैंपियनशिप में फतेहाबाद पुलिस में कार्यरत महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता की बेटी अनु ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, आर्यन ने रजत तथा जीनियस ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से उनके परिवारों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ये सभी पदक विजेता खिलाड़ी बोधिधर्मा स्पोर्ट्स अकादमी में कोच दिनेश कुमार तथा सीनियर कोच एल. प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।


फतेहाबाद। विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए एसपी।

### तीन पदक जीतना जिले के लिए गर्व का विषय : निकिता खट्टर

एसपी निकिता खट्टर ने खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तीन पदक जीतना पूरे फतेहाबाद जिले के लिए गर्व का विषय है। विशेष रूप से पुलिस परिवार की बेटी अनु का स्वर्ण पदक जीतना विभाग के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता को उनकी बेटी की इस सफलता पर विशेष बधाई दी और कहा कि बच्चों की कामयाबी के पीछे अभिभावकों का प्रोत्साहन और सही सहयोग अहम भूमिका निभाता है। इस दौरान एसपी निकिता खट्टर ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और मजबूत व्यक्तित्व के निर्माण की आधारशिला हैं। खेलों से जुड़कर युवा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हैं और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं।


फतेहाबाद। कलश यात्रा की अगुवाई करते स्वामी राजदास जी महाराज।

# श्रीमद्भावगत कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

श्री कृष्ण प्रमाणी सेवा समिति, फतेहाबाद द्वारा आयोजित होने जा रही संगीतमय श्रीमद्भावगत कथा का आज कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। कैमरी आश्रम हिसार से कथा व्यास भागवत वाचस्पति श्री श्री 108 स्वामी राजदास महाराज के पावन सानिध्य में आज श्री सन्यास आश्रम मंदिर में हवन यज्ञ के उपरांत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा सन्यास आश्रम, धर्मशाला रोड, थाना रोड, लाल बत्ती चौक व जीटी रोड से होते हुए श्री दुर्गा मंदिर में कथल स्थल तक पहुंचे। जिसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर श्रद्धाभाव से भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान सभी महिला पूरे श्रृंगार के साथ तथा एक जैसी चुनरी में नजर आईं जोकि कलश यात्रा का आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं शहरवासियों ने भी इस कलश यात्रा के दर्शन पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस किया। प्रधान भूप सिंह प्रमाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति, फतेहाबाद के तत्वाधान में 12 से 18 नवम्बर तक प्रति दिन दोपहर 3 से सांय 6 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भावगत कथा का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### हरियाणा सिविल पैंशनर्ज की मासिक बैठक 14 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 14 नवंबर शनिवार सायं 4 बजे भट्टू रोड पर स्थित रंगोली पैलेस के सामने अंजनी माता सेवा सदन थैरेपी सेटर फतेहाबाद में होगी। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि जिन सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या है वे लिख कर लाए ताकि उनका समाधान संबंधित विभागों से करवाया जा सके। बैठक में जिन पैंशनर्ज का नव बर मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक परिषद के रजिस्टर्ड सदस्य भी भाग ले सकते है।

### विश्वकर्मा मंदिर में मूर्ति स्थापना पर गूंजे जयकारे



**भट्टकलां।** गांव किरढाण स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में मूर्ति स्थापना समारोह बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं ने शिरकत कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया। समारोह के दौरान मंदिर परिसर भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे शीशपाल ने मंदिर के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। उनके इस सराहनीय योगदान के लिए मंदिर कमेटी और समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए शीशपाल ने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश और समाज का भविष्य है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा और अच्छे संस्कारों को जीवन में प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

### श्री श्याम महोत्सव 15 से, निकलेगी निशान शोभायात्रा

**रानियां।** श्री श्याम बाबा की भक्ति और आस्था से सराबोर रानियां शहर में एक बार फिर श्री श्याम महोत्सव की धूम रहेगी। श्री श्याम दीवाना मंडल की ओर से आयोजित 24वें महोत्सव के तहत 15 नवंबर को शहर में भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें लखदातार श्री श्याम बाबा की शाही रथ यात्रा और आकर्षक धार्मिक झांकियां विशेष आकर्षण रहेंगी। मंडल पिछले 24 वर्षों से लगातार नवंबर माह में इस महोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए मंडल के सदस्य पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। 15 नवंबर को निशान शोभायात्रा श्री राधा-कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न बाजारों से गुजरते हुए नगर भ्रमण करेगी और श्री रघुनाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु एवं शहरवासी पुष्प वर्षा कर पूरे श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ शोभायात्रा का स्वागत करेंगे तथा श्री श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**सिरसा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत वीरवार को सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूचियों के संशोधन और निर्धारित समय-सारणी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियों के निपटान तथा नोटिस जारी करने की प्रक्रिया 20 नवंबर तक जारी रहेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने मतदाता सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरे मतदाताओं (एएसडीडी) की श्रेणी के तहत चिह्नित मतदाताओं के संबंध में भी जानकारी दी।


फतेहाबाद। सीए फाउंडेशन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते क्रेसेंट के विद्यार्थी।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा में क्रेसंट पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, पांच विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**फतेहाबाद।** क्रेसंट पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम का लोहा मनवाया है। विद्यालय की छात्रा सुनाक्षी, आरती, याशु, वेदिका और छात्र हिमांशु ने इस सत्र की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर न केवल अपने अभिभावकों और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र का मान भी बढ़ाया है। सीए जैसी चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक शिक्षा की प्रथम सीढ़ी सफलतापूर्वक पार करना इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ऋतु सिंधू ने सभी सफल होनहारों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, अनुशासन, उचित मार्गदर्शन और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतिफल है। प्रधानाचार्या ने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

# क्विज प्रतियोगिता में जेसीडी प्रथम व सीएमके कॉलेज की टीम रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭|सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मीडिया ज्ञान, सामान्य जागरूकता एवं बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतरमहाविद्यालय मीडिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित सात रोचक राउंड आयोजित किए गए। इनमें प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविजन, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सिनेमा तथा पारंपरिक लोक मीडिया से संबंधित प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता में जेसीडी विद्यापीठ मेमोरियल कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में दिलबाग सिंह, हरविंदर और कृष्परित शामिल रहे। सीएमके पीजी कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जिसमें एंजेल, रवि और काजल प्रतिभागी रहे। वहीं, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में अमानत, प्रिंस और हीना शामल रहे। प्रो. अमित सांगवान ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।



**सहायता** बुजुर्ग के समुचित इलाज और देखभाल में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे

# सड़क पर घायल बुजुर्ग को देख सुनैना चौटाला ने काफिला रुकवा कर अस्पताल भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद दौरे पर जाते समय सड़क पर घायल अवस्था में पड़े एक बुजुर्ग की मदद कर मानवता और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की है। व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद उन्होंने न केवल अपना काफिला रुकवाकर बुजुर्ग की सुध ली, बल्कि त्वरित व्यवस्था करते हुए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भी भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला अपने निर्धारित संगठनात्मक और जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए फतेहाबाद की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में उनकी नजर सडक़ किनारे लहूलुहान और घायल अवस्था में पड़े एक बुजुर्ग पर पड़ी। बुजुर्ग को दर्द से कराहता देख उनका संवेदनशील मन विचलित हो उठा और उन्होंने बिना एक पल गंवाए तुरंत अपने चालक को गाड़ी रोकने का निर्देश दिया। गाड़ी रुकते ही चौटाला तुरंत नीचे उतरीं और घायल बुजुर्ग के पास पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने बुजुर्ग से बातचीत कर घटना और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपने साथ मौजूद सहयोगियों और कार्यकर्ताओं की मदद से तत्काल वाहन की व्यवस्था कर बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही उन्होंने साथ गए पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि बुजुर्ग के समुचित इलाज और देखभाल में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे।


फतेहाबाद। सडक़ हादसे में घायल बुजुर्ग की मदद करते सुनैना चौटाला।

### इस कदम की लोगों ने की प्रशंसा

राजनीतिक और संगठनात्मक व्यस्तताओं के बीच एक अनजान बुजुर्ग की पीड़ा को अपना समझते हुए की गई इस त्वरित मदद की मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि किसी भी जनप्रतिनिधि या नेता का जनता से सच्चा जुड़ाव केवल मंचों के भाषणों से नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में ऐसे ही मानवीय और संवेदनशील कार्यों से झलकता है। इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी के इस मानवीय कदम की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।



### कुसुंबी, कंवरपुरा व थेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम

**चोपटा।** महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव कुसुंबी, कंवरपुरा तथा थेड़ी में लो सेक्स रेशो (लिंगानुपात) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में घटते लिंगानुपात के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व को समझाना रहा। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, एएनएम तथा गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वीरमती, लक्ष्मी व राजबाला ने कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों, पीसी-पीएनडीटी एक्ट तथा सरकार द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को लंबित न रखते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 9 समस्याएं प्राप्त हुई। डीसी ने बताया कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 70 विद्यार्थियों के दांतों की हुई जांच

**सिरसा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय में दंत जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान 70 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। दंत चिकित्सक डॉ. स्मृति ने बच्चों के दांतों की जांच करते हुए उन्हें दांतों की नियमित साफ-सफाई, ब्रश करने के सही तरीके और दांतों की उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को दांतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से दांतों की जांच करवाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब की ओर से विद्यार्थियों को डेंटल केयर किट भी वितरित की गई ताकि बच्चे बचपन से अच्छी आदतें विकसित कर सकें।

### संस्था के हास्पिटल में नेत्र जांच शिविर 15 को

**सिरसा।** संस्था श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से 15 नवंबर आंखों की जांच एवं मोतिया बिंद के ऑपरेशन का निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैम्प नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल हास्पिटल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि कैंप में डॉ. प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महीप बंसल द्वारा की जाएगी तथा सफेद मोतिया बिंद के गरीबी रेखा से नीचे वाले चयनित परिवारों के मरीजों के ऑप्रेशन निशुल्क किए जाएंगे।

### जरूरतमंदों में वितरित किया राशन

**सिरसा।** समाजसेवी संस्था जनकल्याण न्यास के तत्वावधान में मासिक राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तुरियानंद सेवा समिति के प्रधान सुदर्शन बजाज ने कहा कि यह संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में अनूठी मिसाल कायम कर रही है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के काम आना सबसे बड़ी सेवा है और इस सेवा से सुखद अहसास की अनुभूति होती है। इस अवसर पर 110 जरूरतमंदों को राशन के साथ-साथ एक-एक गर्म चद्दर भी वितरित की गई। एक विद्यार्थी को 2 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया।

### कृमि संक्रमण से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा वितरित की गई तथा उन्हें इसके सेवन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. प्रीत कौर ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों एवं युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिससे कुपोषण, एनीमिया तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसलिए समय-समय पर कृमि मुक्ति दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही उज्जवल भविष्य की नींव है। इस अवसर पर डॉ. प्रीत कौर के साथ प्रो. संदीप कुमार, प्रो. मनीषा कंबोज, प्रो. सोनू, प्रो. कुमकुम, प्रो. सौरभ कुमार, लिपिक सुखविंद्र कौर, प्रोमिला, रितु रानी आदि रहे।

### दानपात्र तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना की मार्बल सिटी स्थित शिव मंदिर का दानपात्र तोडकर नकदी चोरी करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी की पहचान टोहाना के गांव हिम्मतपुरा निवासी रविंद्र सिंह उर्फ गामा पुत्र करनैल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 5,300 रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि मार्बल वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान प्रवीण कुमार पुत्र तेजपाल ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि सोसाइटी के सदस्य मार्बल सिटी स्थित शिव मंदिर की देखरेख करते हैं। बीते दिनों एक व्यक्ति ने मंदिर में घुसकर दानपात्र तोड़ दिया और उसमें रखे करीब 5 से 6 हजार रुपये चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने सुराग जुटाते हुए आरोपी रविंद्र सिंह उर्फ गामा को चिन्हित किया और दबिश देकर उसे काबू कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से चोरी की गई 5,300 रुपये की नकदी बरामद कर ली गई है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

### ओलावृष्टि से तबाह फसल के मुआवजे को लेकर फूटा किसानों का गुस्सा

# रतिया एसडीएम कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन, मांगों पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

क्षेत्र के अनेक गांवों में 24 अक्टूबर को हुई ओलावृष्टि से तबाह धान की फसल के उचित मुआवजे और सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग को लेकर गुरुवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। संयुक्त किसान मोर्चा व अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सैकड़ों पीड़ित किसानों ने रतिया एसडीएम कार्यालय पर एकत्रित होकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया और धरना दिया। धरने के उपरांत किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर एसडीएम रतिया को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के रतिया तहसील प्रधान करनैल सिंह ने की, जबकि मंच संचालन तहसील सचिव मंगत राम ने किया। धरने को मुख्य वक्ता के रूप में किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त और जिला सचिव मा. राजेन्द्र बाटू ने संबोधित किया।



रतिया। एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

#### 19 दिन बाद भी सरकार ने नहीं पोंछे किसानों के आंसू

धरने को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रधान विष्णुदत्त व जिला सचिव मा. राजेन्द्र बाटू ने कहा कि गत 24 अक्टूबर को हुई भीषण ओलावृष्टि से क्षेत्र के अनेक गांवों में किसानों की पकी हुई धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई थी। इस प्राकृतिक आपदा को 19 दिन बीत जाने के बावजूद सरकार और प्रशासन ने पीड़ित किसानों के आंसू पोंछने का कोई काम नहीं किया है। नेताओं ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ पूरा देश धनतेरस पर सोना-गहने खरीद रहा था और दिवाली का जश्न मना रहा था, वहीं दूसरी तरफ फसल बर्बाद होने के कारण अन्नदाता के घरों में मातम छाया हुआ था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही किसानों को न्याय और पूरा मुआवजा नहीं दिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर किसान नेता केवल सिंह, अमर सिंह, छत्रपाल सिंह, मनीष सिवाच, डीवाईएफआई से पवन कुमार, हमीद समैण, बलविंदर सिंह नैन, भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ से राजेन्द्र चहल सहित विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारियों व पीड़ित किसानों ने भी अपने विचार रखे।

#### ज्ञापन में उठाई गई ये प्रमुख मांगें

एसडीएम को सौंपे गए मांग पत्र में किसानों ने प्रशासन से तुरंत समाधान की मांग करते हुए अनेक मुद्दे उठाए है। किसानों ने मांग की है कि बर्बाद हुई धान की फसल की सर्वे रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक किया जाए। पीड़ित किसानों को न्याय देते हुए बर्बाद फसल का शत-प्रतिशत मुआवजा दिया जाए। मुआवजे के आकलन के लिए पूरे गांव को इकाई मानने के बजाय प्रति एकड़ को इकाई माना जाए। फसल खराबे की केवल 5 एकड़ की सीमा को खत्म कर पूरे बर्बाद खेत को पोर्टल पर दर्ज किया जाए और पूरे रकबे का मुआवजा मिले। संकट की इस घड़ी में पीड़ित किसानों के छह महीने के बिजली बिल और बैंक लोन का ब्याज माफ किया जाए। आगामी गेहूं की बिजाई के लिए किसानों को बीज, खाद, तेल और दवाई मुफ्त उपलब्ध करवाई जाए। गलत फसल खराबा दर्ज करने वाली बीमा कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उन्हें पूरा मुआवजा देने के लिए पाबंद किया जाए।


फतेहाबाद। महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर पहुंचे ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज फेडरेशन के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### फतेहाबाद में पिछड़ा वर्ग की बैठक

# हिसार महासम्मेलन की तैयारियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आगामी 15 नवंबर रविवार को हिसार के प्रेम नगर स्थित कुम्हार धर्मशाला में होने वाले प्रथम राज्य-स्तरीय पिछड़ा वर्ग अधिकार एवं जनचेतना अधिवेशन को सफल बनाने के लिए फतेहाबाद में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में स्थानीय पुराने रेस्ट हाउस में मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने शिरकत की। बैठक में मुख्य रूप से ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज फेडरेशन के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल और हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास वर्मा पहुंचे, जिनका स्थानीय पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि 15 नवंबर को सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस राज्य-स्तरीय अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं एनसीबीसी के पूर्व चेयरमैन जस्टिस वी. ईश्वरैया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

#### इन्होंने किया संबोधित

बैठक को हरियाणा कंबोज सभा के अध्यक्ष देशराज कंबोज, विश्वकर्मा महासभा हिसार के पूर्व प्रधान रामतीर्थ सुथार, पूर्व एक्सईएन धर्मपाल तंवर, कार्यकारी महासचिव डॉ. लखी राम गंगवा, हरियाणा कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान पूनम चंद रती, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़ और राजेंद्र जाखड़ ने भी संबोधित किया।

## त्रिपुरा में मिली सफलता संगठन की ताकत का परिणाम: केहरवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

त्रिपुरा में आगामी शहरी निकाय चुनावों से पहले भाजपा को मिली बड़ी सफलता पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कहा कि प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों का 77 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचित होना पार्टी के मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा त्रिपुरा की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से पार्टी की राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई है। डॉ. केहरवाला ने कहा कि त्रिपुरा के पांच शहरी निकायों कमलपुर, शांतिर बाजार, रानीर बाजार, जिरानिया और मोहनपुर की सभी 65 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके अतिरिक्त अंबासा, तेलियामुरा और विशालगढ़ में भी भाजपा को 12 सीटों पर निर्विरोध सफलता मिली है। इस प्रकार पार्टी के कुल 77 प्रत्याशी बिना मुकाबले निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भाजपा के बूथ स्तर तक मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं के समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति का आधार विकास, सुशासन और जनकल्याण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सडक़, बिजली, पानी, आवास, स्वास्थ्य,

## 7.21 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध जांच शाखा फतेहाबाद की टीम ने 7.21 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी की पहचान फतेहाबाद के गांव जांडवाला सौतर निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप मौर ने बताया कि सीआईए की एक टीम एएसआई रोहताश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सुरेंद्र कुमार हिसार-सिरसा बाईपास स्थित हांसपुर पुल के पास चाय के खोखे की आड़ में अवैध रूप से हेरोइन

## बेसहारा हालत में मिले युवक को डेरा प्रेमियों ने परिवार से मिलवाकर मानवता की मिसाल पेश की

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देते हुए डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की। टोहाना रोड पर दयनीय हालत में मिले एक गुमशुदा युवक को डेरा प्रेमियों ने न केवल सहारा दिया, बल्कि उसके परिवार का पता लगाकर उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द भी करवाया।

जानकारी के अनुसार अंजार पुत्र जमीर शाह निवासी जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश पंजाब के फगवाड़ा में अपने भाई के पास रहकर काम करता था। इसी दौरान वह अपने परिजनों से बिछड़ गया था। टोहाना रोड पर युवक की दयनीय हालत देखकर रमन प्रेमी निवासी विलासपुर, सुपर स्टूडेंट एवं आईटी विंग सदस्य ने उसे संभाला और डेरा सच्चा सौदा एवं मानवता भलाई केंद्र रतिया लेकर पहुंचे। यहां डेरा प्रेमियों ने उसकी साफ-सफाई करवाई, नहलाया-धुलाया, नाखून काटे और भोजन करवाया। इसके साथ ही उसके शरीर पर मौजूद घावों की मरहम-पट्टी भी की गई। इसके बाद डेरा प्रेमियों ने अपने स्तर पर युवक के परिवार की तलाश शुरू की और काफी प्रयासों के बाद उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कर उसे परिवार से मिलवाने का प्रबंध किया। युवक को लेने के लिए उसके भाई इमरान, सहजाद और नोशाद बिजनौर से पहुंचे। पुलिस कर्मचारी राजेंद्र कुमार और कुलदीप सिंह की मौजूदगी में युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान युवक के भाई नोशाद ने डेरा प्रेमियों का आभार जताया। सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने भी डेरा प्रेमियों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानवता की भलाई के लिए किया गया यह नेक कार्य काबिले तारीफ है। इस अवसर पर प्यारे लाल, देवराज, विकास, गुरजीत सिंह, आशा, गुरनेव, लोकचंद, वकील, संजू, सोनू, दिलवर, डॉ. बृजलाल, सतनाम सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे।


रतिया। गुमशुदा युवक को उसके परिजनों को सौंपते डेरा श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# डीएवी पुलिस स्कूल में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतेहाबाद की महिला सुरक्षा एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए रेखा अग्रवाल ने इसके निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, महिला सुरक्षा तथा समाज में समान अवसरों के महत्व को रेखांकित किया। रेखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं दंडात्मक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा समाज को शिक्षित एवं जागरूक बनाने में अपना योगदान दें। इस जागरूकता सत्र ने विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग करते हुए एक सुरक्षित, शिक्षित एवं समानता पर आधारित समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या महिमा तनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना का विकास करना रहा।


फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ संस्था से अतुल खरड़ विधानसभा बने अध्यक्ष

**फतेहाबाद।** न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ भारत संगठन की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रणनीतियों, भावी योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के लिए विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए पंजाब के खरड़ विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख नियुक्ति की घोषणा की गई। इसके तहत अतुल कुमार अरोड़ा को खरड़ विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक साहिब दयाल वधवा ने अतुल कुमार अरोड़ा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अरोड़ा के नेतृत्व में खरड़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति प्राप्त होगी। अतुल अरोड़ा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा, राष्ट्रीय संरक्षक साहिब दयाल वधवा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ सहित समूचे शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प जताया कि वे संगठन की जनहितैषी नीतियों और विचारों को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।


■ न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ संगठन का विस्तार

### सैनी सभा ट्रस्ट सिरसा के पदाधिकारियों का चुनाव 29 नंवबर को

**सिरसा।** सैनी सभा ट्रस्ट सिरसा के पदाधिकारियों का चुनाव 29 को होगा। सैनी सभा ट्रस्ट के पर्यवेक्षक राजकुमार सैनी तथा रिटर्निंग अधिकारी मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इसके बाद 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र वापस लेने का समय निर्धारित किया गया है। इसी दिन शाम 4.30 बजे चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 29 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव के लिए मतदान स्थल सैनी सभा ट्रस्ट जंडवाला सिरसा निर्धारित किया गया है।



### आंतरिक खुशी पर ध्यान न लगाने पर पछतावा बनकर रह जाएगी मृत्यु : आनंदो

**सिरसा।** आनंदम संस्था के तत्वावधान में आनंदो का जन्मोत्सव बिश्नोई धर्मशाला प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव समारोह में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड सहित कई राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु और साधक पहुंचे। साधकों को संबोधित करते हुए आनंदो ने कहा कि जीवन बहुत छोटा है। यदि इसमें हम सौदेबाजी करने लगें तो पता चलते-चलते ही जीवन हाथ से निकल जाएगा। जन्मदिन हमें यही स्मरण कराता है कि जीवन क्षण-क्षण बीत रहा है। यह जीवन उस बोरी के समान है, जिसमें एक छेद है, पता चलते ही वह खाली होकर लुढक जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन हर पल थोड़ा-थोड़ा निकलता जा रहा है। यदि हम जागरूक न हुए और अपनी आंतरिक खुशहाली पर पूरा ध्यान न लगाया, तो मृत्यु का क्षण केवल पछतावा बनकर रह जाएगा। हमें यह नहीं पता कि हम कितने जन्मदिन और देख पाएंगे, इसलिए हर क्षण को आनंद में जीना ही सच्ची साधना है। नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देते हुए उन्होंने सभी जीवों की भलाई के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

### संगठन बूथ स्तर के कार्यकर्ता पर टिका है और इसकी मजबूत रीढ़ हैं बूथ अध्यक्ष

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जितनी महत्वपूर्ण उनकी जिम्मेदारी : डॉ. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी का संगठन बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सक्रियता के बल पर ही मजबूत होता है। बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और पार्टी में उनकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जितनी ही महत्वपूर्ण है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने गुरुवार को फतेहाबाद स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और शक्ति केंद्र प्रमुखों के साथ संगठन की गतिविधियों, कार्ययोजना और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र में संगठन का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए जनता से उसका जुड़ाव ही पार्टी की मजबूती का आधार है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिले में शक्ति केंद्रों की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश व जिला स्तर की बैठकों की तर्ज पर अब प्रत्येक महीने के तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। इन बैठकों में बूथ स्तर तक की गतिविधियों की समीक्षा और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल बैठकों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई देनी चाहिए। डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित न रहें, बल्कि पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, प्रदेश महामंत्री वेद फुल्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. रविन्द्र बलियाला, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खिचड़, जिला महामंत्री अशोक जाखड़ व विकास ललोदा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा, सविता टूटेजा, शम्मी धींगड़ा, इंद्र गावड़ी, विकास शर्मा और कंवल चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

#### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से रूबरू हुईं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष गुप्ता

**फतेहाबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने फतेहाबाद में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें परिवार और समाज में अपनी बात मजबूती से रखने व निर्णय लेने का आत्मविश्वास भी दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल की गई हैं। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता काफी अच्छी है। अब समय की मांग है कि इनकी पैकेजिंग, ब्रांडिंग और ऑनलाइन मार्केटिंग को और बेहतर बनाया जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके। उन्होंने महिलाओं को बाजार की मांग के अनुरूप नए उत्पाद तैयार करने और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर बिक्री बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।